दिनांक 14 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने वाले दानवीरो की संख्या में हो रहा इजाफा , आज 9 लोगों ने राहत सामग्री किया दान

भिलाई नगर/ डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने वाले दानवीरो की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है आज 9 लोगों ने चावल, दाल, तेल, चायपत्ती, शक्कर, मसाला, नमक, आटा एवं धनराशि आदि देकर जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है! डोनेशन ऑन व्हील्स की शुरुआत होने के बाद से ही लगातार दान देने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है लोग अपने घरों तक वाहन को बुलवाकर राहत सामाग्री प्रदाय कर रहे हैं! आज शिवाजी नगर के राममूर्ति मिश्रा , राधिका नगर के भरत, मॉडल टाउन के जवाहर श्रीवास्तव, फरीदनगर के रिजवान अख्तर, सुपेला से कन्हैया यादव, सुपेला से राजेंद्र प्रसाद यादव, सुपेला से सुनील कुशवाहा, तीन दर्शन मंदिर के निवासी अखिलेश सिंह एवं तीन दर्शन मंदिर के पास के रहवासी संतोष गुप्ता ने जरूरतमंदों की मदद के लिए सराहनीय कार्य करते हुए राहत सामाग्री प्रदाय की है! लॉक डाउन में भूखे, गरीब, असहाय एवं इसी प्रकार के अन्य लोगों तक सहायता प्रदान करने अब आप अपने घर पर ही रह कर डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद से राहत पैकेट इत्यादि प्रदाय करके सहयोग कर सकते हैं! ऐसे लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद ले सकते हैं साथ ही निगम के हेल्पलाइन नंबर ,6260008819, 8839271595, 9907878744 एवं 9109176812 पर संपर्क करके वाहन को अपने घर तक दान करने के लिए बुलाया जा सकता है!

जनसंपर्क अधिकारी